RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 23 • 06:02:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-




## 'पैगाम ए मोहब्बत है' पीएम मोदी से मिलने पहुंचे धर्मगुरु, बोले- दुनिया को पता चले कि भारत एक है



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के मुखिया इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि 'पैगाम ए मोहब्बत है, पैगाम देश है।

आज हम प्रधानमंत्री से मिलने पहुँचे हैं। सूद ने कहा इंडियन मॉइनॉरिटी ऑर्गेनाइजेशन विभिन्न धर्मगुरुओं के साथ ससंद भवन पहुंची थी, वे चाहते हैं कि दुनिया को पता चले कि भारत एक है। विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मिलने संसद भवन पहुंचे थे। ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के मुखिया इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि पैगाम ए मोहब्बत है, पैगाम देश है।

### इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म

इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा हम मानवता का संदेश देना चाहते हैं और बताना चाहते हैं कि यही सबसे बड़ा धर्म है। हम भारत में रहते हैं और भारतीय हैं। हमें देश को मजबूत बनाना चाहिए। हम एकजुट हैं। महाबोधि इंटरनेशनल मेडिटेशन सेंटर के अध्यक्ष भिखु संघासेना ने कहा यह ऐतिहासिक पल हैं कि हम नई संसद भवन परिसर आए हैं और पीएम मोदी से बात करेंगे। हम सभी को देश की समृद्धि के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए। धर्मगुरुओं ने संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।

### अंतरिम बजट सत्र में पीएम मोदी बोले

# बड़े फैसलों वाला होगा तीसरा कार्यकाल, यह मोदी की गारंटी है

### विपक्ष कई दशक तक वहीं बैठा रहेगा

### ये और ऊंचाई पर जाएंगे, जनता का आशीर्वाद रहा तो दर्शक दीर्घा में भी बैठेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- 75वां गणतंत्र दिवस, संसद का नया भवन, सेंगोल की अगुआई। ये सारा दृश्य अपने आप में बहुत ही प्रभावी था। पीएम मोदी का 28 मई 2023 को उद्घाटन के बाद से नई संसद में यह उनका पहला संबोधन था।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष को लेकर कहा- मैंने जब यहां से देखा, तो वाकई इस नए सदन में राष्ट्रपति जी की अगवानी का दृश्य सुखद था। 60 से ज्यादा सदस्य ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विचार व्यक्त किए। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। विशेष रूप से विपक्ष ने जो संकल्प लिया है। उसकी सराहना करता हूं।



### कब तक देश को टुकड़ों में देखोगे

राष्ट्रपति का भाषण एक प्रकार से तथ्यों के आधार पर, हकीकत के आधार पर एक बहुत बड़ा दस्तावेज है। जो देश के सामने राष्ट्रपति जी लाती हैं। इस पूरे दस्तावेज को आप देखेंगे तो उस हकीकत को समेटने का प्रयास किया है, जिससे देश स्पीड से प्रगति कर रहा है। किस तेजी के साथ गतिविधियों का विस्तार हो रहा है, उसका लेखा जोखा राष्ट्रपति जी ने दिया।

### परिवारवाद का खामियाजा देश और कांग्रेस दोनों ने उठाया

आपकी सोच की मर्यादा देश को दुखी करती है। जनता कहती है कि आपके नेता तो बदलते हैं, टेप रिकॉर्डर वही है। नई बात सामने नहीं आती। पुरानी डफली, पुराना राग। चुनाव का टाइम है। कुछ तो अच्छा करते। आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का अवसर मिला। 10 साल में कई मौके मिले होंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा किया नहीं।

न खुद ऐसा किया, न दूसरे उत्साही युवा सांसदों को ऐसा करने दिया। यंग जनरेशन को इसलिए मौका नहीं दिया कि किसी और का चेहरा न दब जाए। देश को एक अच्छे और स्वस्थ्य विपक्ष की बहुत जरूरत है। देश ने जितना परिवारवाद का खामियाजा उठाया है, उतना ही खामियाजा कांग्रेस ने भी उठाया है।

हालत देखिए खड़गे जी इस सदन से उस सदन में शिफ्ट हो गए। गुलाम नबी जी पार्टी से ही शिफ्ट कर गए। ये सब परिवारवाद के चक्कर में शिफ्ट हुए।

## रूस के 30 नागरिक बने जजमान

### तिरूपति के श्री कालाहस्ती देवस्थानम मंदिर पहुंचे, राहु-केतु की पूजा की

**तिरुपति (एजेंसी)।** रूस के 30 नागरिक आंध्र के तिरुपति के श्रीकालाहस्ती देवस्थानम मंदिर में पूजा करने पहुंचे। रशियंस के इस ग्रुप ने मंदिर में पुजारियों की मदद से राहु केतु की



पूजा की। हिंदू विधि विधानों के मुताबिक राहू केतु की पूजा ग्रह दशा सुधारने के लिए की जाती है। माना जाता है कि रूस के नागरिकों का भारतीय संस्कृति और हिंदू रीति रिवाजों में अटूट विश्वास है।

# 3 राज्यों में भारी बर्फबारी, हिमाचल में 645 सड़कें बंद

### कश्मीर के पहलगाम में तापमान माइनस 11 डिग्री, उ.प्र., म.प्र.-बिहार में तेज बारिश

### पर्यटन स्थलों पर लौटी रौनक, बर्फ के बीच मौज-मस्ती कर रहे टूरिस्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के उत्तरी राज्यों में बर्फबारी और ठंड का असर लगातार जारी है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और लद्दाख में बीते 4 दिनों से बर्फबारी हो रही है। यहां आज और कल (6 फरवरी) के लिए भी अलर्ट जारी किया गया है।

हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी से 4 नेशनल हाईवे समेत 645 सड़कें बंद हैं। चिरगांव में 35 सेंटीमीटर और मनाली में 23 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई। इससे पानी और बिजली की सप्लाई भी प्रभावित हुई। वहीं, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में शनिवार रात को तापमान माइनस 11डिग्री पहुंच गया।

उधर, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार में आज सुबह बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, तीनों राज्यों में कल (6 फरवरी) भी बारिश की संभावना रहेगी। इसके अलावा सिक्किम में आज ओले गिरने का अलर्ट है। दक्षिण के राज्यों में आज मौसम साफ रहेगा


दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, पश्चिम बंगाल,असम, मेघालय, और ओडिशा में कोहरा और ठंड का असर बना हुआ है। इन इलाकों में तापमान 7 से 11 डिग्री के बीच



रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली में विजिबिलिटी घटने के कारण कई फ्लाइट्स और ट्रेनें लेट हुईं।

**म.प्र. के सागर-रीवा में बूंदाबांदी, भोपाल-इंदौर में धूप; 15 शहरों में तापमान 30 डिग्री के पार-** वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से रविवार को प्रदेश का मौसम बदला रहा। ग्वालियर, श्योपुर कलां, भिंड, सतना और नौगांव समेत कई शहरों में हल्की बारिश हुई। भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के ज्यादातर शहरों में गर्मी का असर देखने को मिला। 15 से ज्यादा शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री के पार रहा।

**राजस्थान- धौलपुर में 1 इंच से ज्यादा बारिश, 6 जिलों में छाया कोहरा; ठंड का असर बरकरार-** राजस्थान में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के प्रभाव से देर रात तक जयपुर समेत 8 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई। सबसे ज्यादा बारिश धौलपुर में 35 मिमी (1 इंच से ज्यादा) दर्ज हुई। बारिश से



भरतपुर, धौलपुर और अलवर में सरसों की फसल को काफी नुकसान हुआ है।

**उत्तर प्रदेश- कानपुर में 3 घंटे में 6 मिलीमीटर बारिश, लखनऊ में रातभर बरसात -** फरवरी की सर्दियों में बारिश का दौर शुरू हो गया है। लखनऊ, कानपुर में रविवार शाम को शुरू हुआ बारिश का सिलसिला तकरीबन पूरी रात जारी रहा। कानपुर में महज 3 घंटे में ही 6 मिमी. बारिश रिकॉर्ड की गई।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

- यह लोकतंत्र की हत्या और भद्दा मजाक है, जिसकी किसी को अनुमति नहीं

**नईदिल्ली/चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव का विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हुई। चीफ जस्टिस डॉ. धनंजय वाई चंद्रचूड़ ने पीठासीन अधिकारी का वीडियो देखकर नाराजगी जाहिर की है।

सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव कराने वाले रिटर्निंग ऑफिसर की आलोचना की और



कहा कि यह स्पष्ट है कि रिटर्निंग ऑफिसर ने मतपत्रों को विकृत कर दिया है।सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि क्या वह इसी तरह से चुनाव आयोजित करते हैं? यह लोकतंत्र का मजाक है। यह लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने चुनाव अधिकारी की वीडियो देखते हुए कहा कि इस आदमी पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। क्या यह रिटर्निंग ऑफिसर का व्यवहार है?


# झारखंड में चंपई सरकार फ्लोर टेस्ट में पास

### पक्ष में 47, विरोध में 29 विधायक

### भाजपा-झामुमो और निर्दलीय से एक-एक विधायक गैरहाजिर



**रांची (एजेंसी)।** झारखंड में चंपई सोरेन सरकार ने विश्वास मत जीत लिया। 5 फरवरी को करीब 2 बजे हुई वोटिंग में पक्ष में 47 तो विपक्ष में 29 वोट पड़े। भाजपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का एक-एक विधायक और एक निर्दलीय गैरहाजिर रहे। वहीं निर्दलीय सरयू राय सदन में थे, लेकिन वोटिंग नहीं की।



### मैंने साढ़े 8 एकड़ जमीन हड़पी है तो राजनीति से संन्यास क्या, मैं झारखंड छोड़कर चला जाऊंगा: हेमंत सोरेन

23 मिनट के भाषण में हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार और भाजपा को तीखे लहजे में जवाब दिया। कहा कि देश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। लगता है इसमें राजभवन शामिल है। वे एक भी पेपर दिखा दें कि मैंने साढ़े 8 एकड़ जमीन हड़पी है तो राजनीति से संन्यास क्या, मैं झारखंड छोड़कर चला जाऊंगा। उन्होंने आगे कहा कि इन लोगों को ये अच्छा नहीं लग रहा कि एक आदिवासी सीएम बीएमडब्ल्यू में कैसे चल रहा है। इनका बस चले तो ये हमें फिर से जंगल में भेज देंगे। हमारे पास बैठने से इनके कपड़े गंदे होते हैं। इसके जवाब में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया, वो मुख्यमंत्री ऑफिस (सीएमओ) से लिखकर आया था, न कि प्रधानमंत्री ऑफिस (पीएमओ) से। ये तो वहीं बात हुई ,चोर मचाए शोर।



# बेतिया के सुप्रिया इंटरनेशनल होटल से बरामद हुई नोएडा से भागी लड़की

चाणक्य भूमि । बेतिय

हालाँकि लड़की ने पुलिस को दिये ब्यान में मैं घर वालों की रोक-टोक से परेशान होकर बीते नौ जनवरी को घर से निकल गई थी। मैं पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंची और वहां खड़ी एक ट्रेन में सवार होकर जोधपुर पहुंच गई। जोधपुर से सूरत, गुजरात और फिर सूरत से वापस दमन पहुंची। मेरी खोज के लिए घर वाले पीछे पड़े थे। घर वालों को चकमा देने के लिए मैं पटना आने वाली हमसफर ट्रेन में सवार हो गई। इसी ट्रेन में मेरी मुलाकात त्रिभुवन मिश्र से हो गई। त्रिभुवन ने खुद को सोशल मीडिया पत्रकार बताया। उसने मुझे अपने मित्र कृतार्थ वैष्णव से मिलाया। इसके बाद वह मुझे लेकर नेपाल चला गया। नेपाल के एक होटल में उसे दो दिन तक रखा। बीते 19 जनवरी को नेपाल से मुझे लेकर बेतिया आया और उसे यहां के एक होटल में रखा। उसने एक फर्जी आधार कार्ड बना रखा था जिसमें युवती को उसने अपना पत्नी बताया था। परन्तु आखिर सवाल यह है कि बिना आई कार्ड के लड़की इतने दिनों से कैसे रह रही थी। और क्या होटल में रहने वाले लोगों का रिकॉर्ड पुलिस के पास रखा जाता है या नहीं। होटल के मैनेजर ने फोन पर बताया कि लड़की होटल से बाहर भी आती जाती थी। हालाँकि सारी बातें पुलिस के जाँच के बाद ही सामने आयेगी। परंतु पुलिस की कारवाई काफी काबिले तारीफ है जो उनकी तत्परता से एक लकड़ी गलत हाथो में जाने से बच गई। और इतनी जल्दी त्रिभुवन और चंदन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। युवती और त्रिभुवन की




मेडिकल जांच कराई गयी है। इस घटना में शामिल अभिषेक द्विवेदी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। और उम्मीद है कि जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग का राजनीतिक दलों को कड़ा निर्देश

## अब चुनाव-प्रचार में नहीं कर पाएंगे ये काम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को किसी भी चुनाव अभियान और रैलियों में बच्चों के इस्तेमाल से बचना चाहिए। चुनाव आयोग ने एक बयान जारी किया है। उन्होंने पार्टियों को भेजे गए एक निर्देश में चुनाव-प्रचार के दौरान किसी भी तरह से बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात कही है।




# विधायक राम सिंह बीमार बच्चों से मिले

चाणक्य भूमि बेतिया (कनकलता) बेतिया

एमडीएम खाने के बाद बच्चों के बीमार होने की सूचना मिलने के बाद सोमवार को बगहा के विधायक राम सिंह रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां विधायक ने बच्चों से मिलकर उनका हाल जाना। विधायक बच्चों के परिजनों से भी मिले। उन्होंने बच्चों के परिजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। विधायक ने कहा कि इस मामले की जांच करा कर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि बगहा में यह दूसरा मामला हैं। उन्होनें कहा कि इस मामले में जांच कर दोषी पाए गए अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि इस मामले को विधान सभा मे भी रखा जाएगा।

### विधान सभा के सदन में उठाएगें आवाज़



# बिहार में चल रही एनडीए की सरकार द्वारा भ्रष्टाचार की सारी फाइलें खोली जाएंगी- डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी

## भाजपा पहले अपना बहुमत साबित करके दिखाए उसके बाद कुछ बोले- कांग्रेस

**पटना, एजेंसी।** महागठबंधन सरकार के दौरान भ्रष्टाचार की सभी फाइल खोलने के सम्राट चौधरी के बयान पर राजनीति गरमा गई है। महागठबंधन में शामिल आरजेडी और कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पर पलटवार किया है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा है कि पहले फ्लोर टेस्ट पास कर लें तब बोलें। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता का कहना है कि राफेल फाइलें भी खुलेंगी। कांग्रेस प्रवक्ता असितनाथ तिवारी ने पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के बारे में तीखा बयान दिया है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार काम कर रही है। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के बयान पर पलटवार करते हुए राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा है कि भाजपा पहले 12 तारीख को सदन के पटल पर अपना



बहुमत साबित करके दिखाए उसके बाद कुछ बोले। तेजस्वी यादव ने ऐलान कर दिया है जो ऐसा खेला होगा कि उनकी समझ से बाहर चला जाएगा। कौन खिलौने से खेलेगा और कौन आग से खेलेगा, इसका पता उन्हें बाद में चल जाएगा। इधर कांग्रेस प्रवक्ता असितनाथ तिवारी ने कहा है कि सम्राट चौधरी ठीक कह रहे हैं। 2024 में चुनाव के बाद केंद्र की सरकार बदलेगी और सारी फाइलें खोली जाएंगी। तब राफेल घोटाले की भी फाइल खुलेगी और नरेंद्र मोदी जी के साथ अमित शाह जी और सारे के सारे जेल में होंगे। तंज करते हुए असित नाथ तिवारी ने कहा कि फाइलें तो खुलेंगी ही भैया। इन दोनों के बयान के बाद जदयू की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। जनता दल यूनाइटेड प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा है कि नीतीश कुमार के शासन में कोई गड़बड़ी हो और उस पर कार्रवाई नहीं हो, ऐसा किसी हाल में संभव नहीं है। आने वाले समय में अगर किसी डिपार्टमेंट के समीक्षा की बात होती है तो उसमें कोई आपत्ति की बात नहीं है। अगर कोई गड़बड़ी होगी तो जवाबदेह लोगों पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी। इसमें गलत क्या है। इससे पहले सम्राट चौधरी ने दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि बिहार में चल रही एनडीए की सरकार द्वारा भ्रष्टाचार की सारी फाइलें खोली जाएंगी। कोई दोषी नहीं बचेगा। पिछली सरकार में ठेकेदार और माफिया सक्रिय थे। उन पर ठोस कार्रवाई होगी। तेजस्वी यादव के बड़ा खेला वाले बयान पर सम्राट चौधरी ने कहा कि उन्हें खेलने के लिए खिलौना दिया जाएगा।

# सुल्तानगंज गंगा घाट से सटे जर्जर सड़कों का होगा जीर्णोद्धार

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** श्रावणी मेला में देश-विदेश से आने वाले कांवरियों को उत्तर वाहिनी गंगा तट पर जल भरने आने-जाने में जर्जर सड़क से मुक्ति मिल जाएगी। दरअसल नमामि गंगे घाट व अजगैबीनाथ मंदिर गंगा घाट तक आने-जाने वाले पूर्व में बने सड़कों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसको लेकर रविवार को नगर परिषद के मुख्य पार्षद राजकुमार गुड्डू ने नप के जेई घनश्याम प्रसाद सिंह व अन्य पार्षदों के साथ इसका निरीक्षण किया। मुख्य पार्षद ने बताया कि पिछले दिनों नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल से पटना में मुलाकात कर उनसे श्रावणी मेला के नगरीय क्षेत्र का विकास कराने का अनुरोध मेला बजट को बढ़ाते हुए कम से कम चार करोड़ रुपये आवंटित करने की मांग की गई थी। प्रधान सचिव के डिमांड भेजने की बात कहे जाने पर जेई को



डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इसमें कृष्णगढ़ मोड़ से राजा घाट तक पूर्व से बनी पीसीसी सड़क का भी जीर्णोद्धार होगा। उन्होंने बताया कि इन सभी सड़कों का जीर्णोद्धार कराए जाने पर गंगा घाट से पैदल व दंडवत प्रणाम करते हुए बाबाधाम जाने वाले कांवरियों को काफी सहुलियत होगी। इधर जेई घनश्याम प्रसाद सिंह ने बताया कि बालू घाट चौक से नमामि गंगे घाट तक 1050 और अजगैबीनाथ मंदिर परिसर तक लगभग 1050 फीट बने सड़क की नये सिरे से मरम्मती कराई जाएगी। जबकि अजगैबीनाथ पुल के दक्षिण स्थित पुराने पक्की सीढ़ी घाट से अजगैबीनाथ मंदिर तक पुल के नीचे से 650 फीट लंबी एक नई सड़क बनाई जाएगी।

नई सीढ़ी घाट से विषहरी स्थान होते हुए ध्वजागली तक पूर्व से बने सड़क की मरम्मती जबकि बालू घाट चौक से मुख्य चौक बाजार तक बनी सड़क के दोनों किनारों पर नये सिरे से नाला निर्माण तथा कृष्णगढ़ मोड़ से राजा घाट तक 450 फीट लंबी सड़क भी बनेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गया में एसएसबी ने सात एकड़ में लहलहाती अफीम की फसल को किया नष्ट



**गया , एजेंसी।** गया में एसएसबी 32वीं वाहिनी जी समवाय गुरपा और गया पुलिस ने फतेहपुर थाना व इससे सटे सीमा क्षेत्र में सात एकड़ भूमि पर लहलहा रहे अफीम (पोस्ता) की फसल को नष्ट किया है। हालांकि पुलिस की छापेमारी की खबर लगते ही अवैध तरीके से अफीम की फसल उगा रहे आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक फतेहपुर थाना क्षेत्र के डिबो बसेरा व इसके सीमा से सटे मसौन्धा और रेंगवा गांव के पास लोहावार पहाड़ क्षेत्र में काफी बड़े पैमाने पर अफीम की खेती किए जाने की सूचना वरीय अधिकारी को मिली। सूचना पर एसएसबी 32वीं वाहिनी जी समवाय गुरपा के सहायक कमांडेंट ज्ञानेश्वर सिंह की अगुआई में एसएसबी, गुरपा ओपी, मोहनपुर थाना, वन विभाग और आबकारी विभाग की टीम दो दिनों में डिबोबसेरा, मसौंधा और लोहावार पहाड़ क्षेत्र में करीब सात एकड़ भूमि पर लहलहा रहे अफीम की फसल को नष्ट करने में सफल रही।

### माघी काली और सरस्वती पूजा में डीजे पर रहेगी रोक

**भागलपुर/सन्हौला, एजेंसी।** माघी काली और सरस्वती पूजा को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सन्हौला थाने में शांति समिति की बैठक हुई। थानाध्यक्ष चंदन कुमार की अध्यक्षता में उपस्थित लोगों को पूजा के संबंध में सरकारी निर्देश से अवगत कराया गया। थानाध्यक्ष ने क्षेत्र में होने वाली माघी काली पूजा और सरस्वती पूजा के संबंध में लोगों से जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी सूरत में डीजे नहीं बजेगा और न हीं कोई अश्लील सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। लोगों ने कहा कि सन्हौला के मुख्य बाजार में नौ फरवरी को माघी काली की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। तीन दिन मेला के बाद 12 फरवरी को विसर्जन किया जाएगा। सरस्वती पूजा के बारे में बताया गया कि सभी पंचायत के सभी मोहल्ले में सरस्वती जी की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस अवसर पर घनश्यामचक स्कूल प्रांगण में तीन दिन का मेला लगता है। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से अपील की कि कहीं भी अगर किसी प्रकार की अशांति की संभावना हो तो सूचित करें उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निरीक्षर ओम प्रकाश सिंह, मुखिया मुन्ना मंडल, विजय मंडल, गोपाल मंडल, मेड़पति विश्वजीत यादव उर्फ भानु यादव, मोहम्मद मुमताज, मनोज झा, सुनील चौरसिया आदि उपस्थित थे।

### केशोपुर को हराकर बैसा बना फाइनल का विजेता

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** सदानंदपुर बैसा गांव में चल रहे क्रिकेट चैलेंजर्स कप का रविवार को फाइनल मुकाबला केशोपुर व बैसा की टीम के बीच खेला गया। केशोपुर ने बैसा की टीम को हराकर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर सदानंदपुर बैसा टीम ने क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। केशोपुर की टीम पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 14 ओवर में सभी विकेट खोकर 147 रन बनाए। वहीं बैसा की टीम 13.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। इस प्रकार केशोपुर की टीम 22 रनों से जीत दर्ज किया। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड अमित चौबे को दिया गया, जिसने महत्वपूर्ण 40 रन के साथ दो विकेट भी लिए। तथा मैन ऑफ द सीरीज का खिताब कृष्णा सिंह को दिया गया। इसने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 212 रन तथा आठ विकेट लिए। निर्णायक की भूमिका में अमन सिंह और राहुल रंजन थे, जबकि स्कोरर रोहित थे। कॉमेंटेटर में नवजीत सिंह सिद्धू व संजीव थे।

### कहलगांव : दूसरे दिन भी जलापूर्ति बाधित

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** कुलकुलिया पंप हाउस के राइजिंग पाइप में लीकेज से कहलगांव नगर पंचायत में शहरी जलापूर्ति रविवार को दूसरे दिन भी बाधित रही। पानी के लिए शहर में हाहाकार मचा है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति शहर के पूर्वी भाग के वार्ड 14, 15, 16 व 17 की है। पहाड़ की तराई में बसे होने से भूगर्भ जल गिरने से अधिकतर निजी बोरिंग फेल हो गयी है।

# एनआईटी पटना में बनेगा इंक्यूबेशन सेंटर, 1000 सीटें भी बढ़ेंगी

## सीएम नीतीश ने किया ऐलान

**पटना, एजेंसी।** एनआईटी पटना की क्षमता एक हजार और बढ़ेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को यहां कहा कि हम जब इस कॉलेज में पढ़ते थे तो इसकी क्षमता पांच सौ थी, जो अब बढ़कर पांच हजार हो गई है। बिहटा में इसका दूसरा कैंपस 125 एकड़ में बन रहा है। इसके बन जाने के बाद क्षमता को छह हजार करा दें। इतनी बड़ी संख्या में देश में कहीं और नामांकन नहीं होता है। मुख्यमंत्री रविवार को एनआईटी परिसर में बीसीई-एनआईटी के पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का उद्घाटन करने के बाद अपनी बात रख रहे थे। इस मौके पर उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार की तरफ से एनआईटी पटना कैंपस में इंक्यूबेशन सेंटर बनाया जाएगा। एक सप्ताह में इसके लिए राशि का आवंटन कर दिया जाएगा। यह भी कहा कि अगले साल तक यह सेंटर पूरा बन जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि एनआईटी का कैंपस बिहटा में बन रहा है, पर पटना में स्थापित ही एनआईटी-1 कहलाएगा और यह सबदिन बना रहेगा। बिहटा में बन रहा भवन एनआईटी पटना का दूसरा हिस्सा होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मुझे इस संस्थान से पासआउट हुए 51 साल हो गया है। इस समारोह में हर साल हम आते हैं, जिससे पुराने सहपाठियों से मिलने का मौका मिलता है। पुराने साथियों से मिलकर काफी खुशी होती है। पटना साइंस कॉलेज में पढ़ने के बाद मैंने इसमें नामांकन लिया था। उस समय यहां 500 विद्यार्थी पढ़ते थे। छात्र यूनियन के चुनाव में मेरे कहने पर 500 में 450 समर्थन में वोट करते थे। उस बात को हम कभी भूल नहीं सकते हैं।

नीतीश कुमार ने कहा कि अटल जी की सरकार में मैं मंत्री था, तब देश में 14 जगहों पर एनआईटी बन रहा था। हमने आग्रह किया



कि बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग देश का छठा कॉलेज है, जिसे एनआईटी का दर्जा मिलना चाहिए।

उसी समय वर्ष 2004 में इस कॉलेज को एनआईटी का दर्जा मिला। इसका विस्तार करने के लिए बिहटा में 125 एकड़ जमीन दी गई है, जहां कैंपस बनकर तैयार हो गया है। यहां भी छह हजार छात्रों के पढ़ने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमलोग पढ़ते थे तो लड़कियां इंजीनियरिंग कॉलेज में नहीं पढ़ती थीं। हमने राज्य के सभी जिलों में इंजीनियरिग कॉलेज की स्थापना करायी और उसमें लड़कियों के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित की।

### पूर्ववर्ती छात्रों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस मौके पर पूर्ववर्ती छात्रों को प्रतीक चिह्न देसकर सम्मानित किया। वर्ष 1964 में विद्यार्थी रहे इंजीनियरों को डायमंड जुबली, 1974 को गोल्डन जुबली एवं 1999 के पास आउट बैच को सिल्वर जुबली सदस्यों के रुप में सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य को भी मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। कई सीनियर्स को उन्होंने मंच से नीचे उतकर कर उनके पास जाकर सम्मानित किया। मौके पर एनआईटी के निदेशक पीके जैन ने कहा कि एनआईटी पूरे भारत में पटना का नाम रौशन कर रहा है। यहां के छह से सात छात्र टॉप साइंटिस्ट में हर साल आते हैं। हमारी एनआईआरएफ रैंकिंग में लगातार सुधार हो रही है। बीसीई-एनआईटी पटना एलुमनाई सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार ने कहा कि बिहार में मौजूदा समय में डबल इंजन की सरकार है। ऐसे में पटना विश्वविद्यालय को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा दिलाया जाए।

### पीएमसीएच में 5460 बेड होगा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पीएमसीएच को 5460 बेड की क्षमता के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसका नये सिरे से विस्तार किया जा रहा है, जो दो सालों में पूरा हो जाएगा।

### चार हजार से अधिक हुए शामिल

बीसीई-एनआईटी पटना का एलुमनाई मीट कार्यक्रम एनआईटी कैंपस में हुआ। इसमें चार से अधिक लोग शामिल हुए। पूर्ववर्ती मिलन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रहे। संघ के सचिव डॉ संजय कुमार ने बताया की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बीसीई-एनआईटी के पुराने छात्र भी हैं। सदस्यों में अति उत्साह व्याप्त है। विशिष्ट अतिथि के रूप में ओएनजीसी के प्रबंध निदेशक ई अरुण कुमार सिंह एवं बीसीई के पूर्व प्राचार्य डॉ सीएन सिन्हा, बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो गिरीश कुमार चौधरी सहित कई पूर्ववत्ती मैजूद थे।

# एनडीए के साथ था, हूं और रहूंगा; मंत्री पद से इस्तीफे की खबर पर बोले संतोष सुमन



**पटना, एजेंसी।** बिहार की नई एनडीए सरकार में जीतन राम मांझी दो मंत्री पद की मांग कर रहे हैं और इसे लेकर सियासत शुरू हो गई है। इस बीच हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने मंत्री पद से इस्तीफे की खबर को निराधार बताया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इसे अफवाह बताया है। संतोष सुमन अभी सूचना प्रोद्यौगिकी और एससी-एसअी कल्याण मंत्री बनाए गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि मेरे इस्तीफे की खबर फैलाई जा रही है, जो बिल्कुल निराधार है। मैं एनडीए के साथ था, हूं और रहूंगा।

किसी की बातों में आने की आवश्यकता नहीं है। लोभ, लालच, प्रलोभन की राजनीति को मैं चिमटे से भी नहीं छू सकता...। आगे उन्होंने लिखा है कि मुझे सत्ता से ज्यादा बिहार की परवाह है। आपका आशीर्वाद काफी है, कुर्सी तो आनी-जानी है।

दरअसल, सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में यह बात तेजी से चल रही थी कि कांग्रेस आलाकमान ने पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी को फोन किया है। उन्हें सीएम बनने का ऑफ दिया है। यह कयास भी लगाए जा रहे थे कि संतोष मांझी जल्द ही इस्तीफा दे देंगे। इसी के बाद मंत्री संतोष कुमार सुमन ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इस्तीफे की खबर को अफवाह बताया है। वहीं दूसरी ओर आरजेडी का कहना है कि जीतन राम मांझी पहले यह तो तय करें कि किस पाला में रहना है? मांझी के यह स्पष्ट करने के बाद सीएम पद आरजेडी विचार कर सकती है। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह तो जीतन राम मांझी को सीधे सीएम पद का ही ऑफर दे चुके हैं। इस जीतन राम मांझी की सियासत पर बीजेपी का कहना है कि यह तो सीएम नीतीश कुमार को फैसला करना है।

बता दें कि जीतन राम मांझी इस मांग से पहले कह चुके हैं कि उन्हें महागठबंधन की ओर से सीएम पद का ऑफर मिला था। यह ठुकरा के एनडीए में शामिल हुए। %हम% को अगर दो मंत्री पद नहीं मिलता है तो यह अन्याय होगा। वहीं दूसरी ओरबीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सह डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा अभी दिल्ली में हैं और वहां पार्टी के आलाकमान नेताओं के साथ मुलाकात की है।

### रामपुर और नाथनगर की टीम ने जीते मैच

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** श्यामपुर पंचायत में स्थित जन मोहम्मदपुर गांव में पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को शुभारंभ हुआ। पहले दिन दो-दो टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इसमें रामपुर और नाथनगर की टीमों ने अपने-अपने मैच जीते पहला मैच रामजानीपुर व रामपुर के टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर रामपुर की टीम ने क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते रामजानीपुर की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। जवाब में खेलते हुए रामपुर की टीम ने 12 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। मैन ऑफ द मैच का खिताब चिंटू को दिया गया। जिसने चार विकेट चटकाये। अंपायरिंग सलीम और अविनाश ने की। वहीं दूसरा मैच ममलखा और नाथनगर के बीच हुआ। टॉस जीत ममलखा की टीम ने क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते नाथनगर की टीम में निर्धारित 12ओवर सात विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए। जवाब में खेलते ममलखा की टीम नवें ओवर में 76 रन पर सिमट गई। मैन ऑफ द मैच का खिताब बादल को दिया गया, जिसने बल्लेबाजी करते 29 रन और चार विकेट लिए। अंपायरिंग प्रीतम और शमीम ने किया। उद्घोषक संजीत पाठक और राहुल सिंह थे। स्कोरर जीवन और नितिन थे।

# राज्यसभा के लिए भाकपा माले तैयार, पार्टी को मिल सकता है मौका, कांग्रेस के समर्थन की होगी जरूरत



**पटना, एजेंसी।** राज्यसभा में भाकपा माले का खाता खुल सकता है. पार्टी राज्यसभा जाने को नीतिगत रूप से तैयार हो गयी है. पार्टी का मानना है कि उसने लगातार इंडिया गठबंधन और बिहार में राजद नीत सरकार और विपक्ष को अपना समर्थन देते आयी है. इसलिए इस बार भाकपा माले को भी अवसर मिलना चाहिए. पार्टी में उम्मीदवार तय नहीं है. पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यदि पार्टी के समक्ष ऐसा प्रस्ताव आता है, तो इस पर विचार किया जायेगा. उन्होंने जोर देकर कहा कि वह कहीं से भी उम्मीदवार नहीं हैं, लेकिन, भाकपा माले को भी अवसर मिलना चाहिए. हालांकि,राज्यसभा के लिए पार्टी की राह आसान नहीं है.

**वामपंथी दलों के पास है 16 विधायक :** विधानसभा में माले के 12 विधायक हैं. सहयोगी सीपीआइ और सीपीएम के चार विधायकों से इनकी संख्या 16 पहुंचती है, जबकि एक सीट पर जीत के लिए कम -से -कम 40 विधायकों के वोट की जरूरत होगी.

ऐसे में कांग्रेस के 19 विधायकों के वोट से भाकपा माले की राह आसान हो सकती है, लेकिन इसके लिए कांग्रेस को अपनी राज्यसभा की मौजूदा सीट की कुर्बानी देनी होगी. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह राज्यसभा के सदस्य हैं. उनका मौजूदा कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो रहा है.

**कांग्रेस की ओर से हां का इंतजार :** इधर,सियासी गलियारों में दीपांकर भट्टाचार्य के बिहार से राज्यसभा में जाने का संकेत महसूस होने लगा है. माना जा रहा है कि राजद उन्हें अपना समर्थन देने के लिए सैद्धांतिक तौर पर सहमत है. केवल कांग्रेस के हां की जरूरत है.दूसरी ओर कांग्रेस की राजनीति में राज्यसभा के लिए अखिलेश प्रसाद सिंह कतार में सबसे कद्दावर नेता हैं. फिलहाल यह कांग्रेस आलाकमान पर निर्भर है कि उन्हें वह लोकसभा चुनाव में उतारती है या राज्यसभा में भेजती है.

**देश स्तर पर वामदलों की जरुरत :** जानकार बताते हैं कि दीपंकर भट्टाचार्य बिहार के अपने सभी वामदल विधायकों के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पूर्णिया रैली में शामिल हुए. न केवल मंच साझा किया,बल्कि भाषण भी दिया. इस घटनाक्रम को कांग्रेस से माले की बढ़ती नजदीकियां का प्रतीक माना जा सकता है. सियासी जानकारों के मुताबिक कांग्रेस को राष्ट्रीय राजनीति के लिए वामदलों की जरूरत है, इसलिए वह दीपंकर को राज्यसभा पहुंचाने में मजबूत पहल भी कर सकती है. महागठबंधन के खाते में राज्यसभा की तीन सीटें हैं. दो सीटें राजद के खाते में हैं. तीसरी सीट कांग्रेस या वामदल में किसी एक के खाते में जानी है.

**आठ से होगा नामांकन :** बिहार से राज्यसभा की छह सीटों पर होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के लिए आठ फरवरी से नामांकन आरंभ हो जायेगा. 15 फरवरी तक नामांकन लिये जायेंगे. 27 फरवरी को चुनाव होगा और शाम पांच बजे चुनाव परिणाम की घोषणा होगी.

# क, ख, ग, घ... के साथ अब सा, रे, गा, मा, पा...भी सीख रहें सरकारी स्कूल के बच्चे

## बखरी स्थित श्री श्याम सुंदर पाठक उच्च विद्यालय में शुरू हुई पहल

- विद्यालय में बच्चों को नृत्य का भी मिल रहा तालीम

चाणक्य भूमि | पताही

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत श्री श्याम सुंदर पाठक उच्च विद्यालय, बखरी में अनोखी पहल शुरू हुई है। विद्यार्थी यहां पर पढ़ाई के साथ संगीत व नृत्य का भी ज्ञान हासिल कर रहें। विद्यालय में संगीत सीखने को लेकर 1 घंटी रखी गई है, जो एक घंटे का है। इसमें विद्यार्थी गीत-संगीत और नृत्य की बारीकियां सीख रहें। बताते चले कि यह प्रखंड का ऐसा विद्यालय है, जिसमें संगीत क्लास चल रही है। विद्यालय के संगीत शिक्षक अभय नंदन पाण्डेय ने बताया कि यहां संगीत की शिक्षा ग्रहण में छात्र-छात्राओं की काफी रुचि देखने को मिल रही है। संगीत शिक्षा के लिए विद्यालय में एक कमरे को सुसज्जित किया गया है। कमरे के दीवारों पर संगीत शिक्षा व नृत्य शिक्षा से जुड़ी हुई पेंटिंग उकेरी गई है। विभाग की ओर से स्कूल में हारमोनियम, तबला, गिटार, झाल, झील, ढोलक आदि दिया गया है।

**साउंड सिस्टम की भी है व्यवस्था-** शिक्षक अभय ने आगे बताया कि कमरे मे मैट भी लगाए गए हैं। वहीं साउंड सिस्टम की भी व्यवस्था है। ताकि क्लास के वक्त पूर्ण रूप से कमरा संगीतमय रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शमीम आलम ने बताया कि दोपहर दो बजे के बाद विद्यालय में संगीत क्लासेज चल रही हैं, जिसमें छात्र-छात्राएं बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं। विद्यार्थी खासतौर पर गिटार, हारमोनियम और डांस की क्लासेज में ज्यादा रूचि ले रहे हैं।

**क्लासिकल सिंगिंग भी सीख रहे हैं बच्चे-** प्रखंड शिक्षक पदाधिकारी अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि प्रखंड के श्याम सुंदर उच्च विद्यालय बखरी में संगीत क्लास की शुरुआत की गई है। प्रखंड के किसी विद्यालय में संगीत का क्लास नहीं होता था। विभाग के निर्देश के बाद संगीत



क्लास की शुरुआत की गई। संगीत क्लासेज में प्रतिष्ठित संगीतज्ञ एवं नृत्य कलाकार विद्यार्थियों को हारमोनियम, गिटार, तबला, प्यानो तथा नृत्य के गुर सिखा रहे हैं। नृत्य में लोक नृत्य, क्लासिकल व बालीवुड डांस का स्टेप्स भी विद्यार्थियों को सिखाया जा रहा। उन्होंने कहा कि संगीत सीख रहे हैं विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

# अवैध धंधे में लिप्त जाएंगे जेल की सलाखों के पीछेः थानाध्यक्ष

- योगदान लेते ही एक्शन में दिखे थानाध्यक्ष कैलाश कुमार
- बैंक पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

चाणक्य भूमि | पताही



थानाध्यक्ष कैलाश कुमार योगदान लेते ही एक्शन में दिखे। सोमवार को पताही मुख्यालय स्थित स्टेट बैंक पहुंचकर बैंक में उपस्थित लोगों की जानकारी ली। साथ ही तैनात सुरक्षा गार्ड को बैंक में आने-जाने वाले लोग एवं असामाजिक गतिविधियों के लोगों पर नजर बनाए रखने की हिदायत दी। वहीं बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा एवं सायरन को चालू रखने को लेकर वह काफी सख्त नजर आएं। इसके बाद उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी पंचायत का भ्रमण किया। उन्होंने शराब कारोबारी, अपराधी एवं असामाजिक तत्व के लोगों को चिन्हित कर नजर बनाए रखने को कहा। दरअसल, थानाध्यक्ष को भनक लगी थी कि कुछ पंचायत में शराब का कारोबार हो रहा। फिर क्या था। अपनी कार्यशैली से सिंघम के रूप में मशहूर थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने दल-बल के साथ शराब कारोबारी के ठिकाने पर दबिश दी। थाना अध्यक्ष ने तत्काल शराब कारोबारी को चिन्हित करने में जुट गए। लोगों से अपील की कि आसपास में चल रही शराब का कारोबार एवं अपराधियों की सूचना देने वाले लोगों की नाम गोपनीय रखकर शराब कारोबारी एवं अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि अवैध धंधों का संचालन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी इस तरह के धंधे में लिप्त पाए जाएंगे, उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। थाना अध्यक्ष के इस एक्शन और चेतावनी से अवैध कारोबारियों में हड़कंप का माहौल है। बता दें कि पताही थाना में योगदान देने के बाद ही कैलाश कुमार अपनी कार्यशैली की वजह से क्षेत्र की जनता के बीच अपनी नई पहचान बना ली है। मामला चाहे अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की हो या चौक-चौराहों पर अड्डेबाजी पर रोक लगाने का हो, हर जगह तत्परता से कार्रवाई करते नजर आते हैं। ताकि आपराधिक प्रवृति के लोगों और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसते हुए क्षेत्र की विधि-व्यवस्था दुरुस्त रखी जा सके। उनका कहना कि आगे भी अपराध पर अंकुश और असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने के लिए इस अंदाज में कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा की पुलिस की समाज में अहम भूमिका है। पुलिस की कार्य प्रणाली से आम आदमी का जीवन जुड़ा होता है। ऐसे में पुलिस से आम जन की अपेक्षाएं बहुत हैं। जरूरत है कि पुलिस-पब्लिक के बीच समन्वय बना रहे। पुलिस और पब्लिक के बेहतर समन्वय से ही एक बेहतर समाज स्थापना की जा सकती है। समाज में शांति एवं सुरक्षा का माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस दिन-रात कार्य कर रही है।

# जविप्र दुकानदार पर मनमानी का आरोप, आवेदन

**तुरकौलिया।** प्रखंड में जनवितरण दुकानदारों पर नियमों को ताक पर रखकर मनमानी का आरोप लग रहा। अनाज कम तौलना इनकी फितरत बन गई है। विरोध पर लोगों को धमकी भी दी जाती है। कुछ इसी तरह का नजारा जयसिंहपुर पूर्वी पंचायत में देखने को मिल रहा है। एक युनिट पर एक किलो राशन कम देने का विरोध करने पर जयसिंहपुर पूर्वी पंचायत के माधोपुर टोला का जनवितरण दुकानदार मोतीलाल पासवान ने राशन देना ही बंद कर दिया है। मामले को लेकर माधोपुर गांव के लाभार्थी हरिवंश पासवान ने सदर एसडीओ व एमओ को आवेदन दिया है। जहां उसने बताया है कि उसके राशन कार्ड में 7 व्यक्ति का नाम है। डीलर हमेशा 7 किलो अनाज कम देते हैं। मतलब एक युनिट पर एक किलो राशन काट लेते हैं। जब हमने इस बात का विरोध कि तो डीलर राशन देना ही बंद कर दिया है। साथ ही डीलर बोलते हैं कि उपर से लेकर नीचे तक के पदाधिकारियों को मैनेज करना पड़ता है। इसलिए अनाज कम दिया जाता है। जहां जाना है वहा जाकर शिकायत किजिए। लेकिन मेरा कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। कोई भी डीलर का कुछ नही कर सकता है।

# चेक पोस्ट निर्माण की प्रक्रिया शुरू

**मोतिहारी।** अरेराज ओपी थाना क्षेत्र के जनेरवा के समीप पुलिस चेक पोस्ट बनेगा ।अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के प्रयास से चेकपोस्ट निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई। सोमवार को इंजीनियर ने चेक पोस्ट निर्माण के लिए जमीन की मापी की। जल्द ही चेक पोस्ट का निर्माण कार्य होगा शुरू होगा। इधर, चेक पोस्ट निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से लोगों में खुशी है।

# परीक्षा दे रही छात्रा की तबियत हुई खराब

**मोतिहारी।** बेथेल स्कूल में इंटर का एग्जाम दे रही छात्रा बेहोश हो गई। आननफानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहीं गोपाल साह स्कूल में भी एक छात्रा की तबियत खराब होने की सूचना मिली। सदर अस्पताल से मेडिकल टीम ने पहुंच कर छात्रा का इलाज किया। समाचार लिखे जाने तक इलाज चल रहा था।

# 'पूर्व उप प्रधानमंत्री को भारत रत्न देने का निर्णय स्वागत योग्य'



**पताही।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं ढाका और चिरैया के पूर्व विधायक अवनीश कुमार सिंह ने राष्ट्र पुरुष लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से अलंकृत किए जाने की घोषणा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि मैं लालकृष्ण आडवाणी को कोटि-कोटि हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देता हूं। पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह सम्मान आडवाणी के आदर्शों और सिद्धांतों का सम्मान है। पूर्व उप प्रधानमंत्री को भारत रत्न दिए जाने का केंद्र सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है।

# अजय चौरसिया प्रधान शिक्षक के नेतृत्व में मिल रहा दियारे के बच्चों को बेहतर शिक्षा..

**बेतिया।** ठकराहा प्रखंड क्षेत्र के श्रीनगर पंचायत राजकीय प्राथमिक विद्यालय युगल टोला में अजय चौरसिया प्रसाद प्रधान शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। श्रीनगर पंचायत गंडक नदी उसे पर होने के कारण जिले में उसकी गिनती दियरे के रूप में की जाती है। दियरे बच्चों को बेहतर शिक्षा पाना कोयले में हीरा पाने के बराबर है। ऐसे में वहां कार्यरत सभी शिक्षक शिक्षकों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा दिया जाए। उसे विद्यालय में कुल 102 बच्चे नामांकित हैं। सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसकी सारी जिम्मा प्रधान शिक्षक अजय चौरसिया अपनी बखूबी नैतिक जिम्मेदारी समझकर निभाते हैं। अजय चौरसिया केके पाठक के बच्चों के लिए दक्ष शिक्षा के तहत सभी बच्चों को बेहतर ट्यूशन देने का कार्य करते हैं। लगातार स्कूल के समय में शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा दी जाने वाली दैनिक स्तर पर बच्चों के शिक्षा का मॉनिटरिंग भी करते रहते हैं। अजय चौरसिया के विद्यालय में कुशल नेतृत्व से बच्चों का बौद्धिक स्तर में वृद्धि हुआ है। अजय चौरसिया ने बताया कि सरकार के तरफ से हम बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देने के लिए विद्यालय में नियुक्त किए गए हैं ऐसे में मैं अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझकर बच्चों का बौद्धिक ज्ञान बढ़ाने के लिए कार्य करता रहता हूं राष्ट्रीय त्योहार पर खेलकूद करा कर बच्चों के प्रतिभा को निखारता रहता हूं।

# स्थानांतरित सीओ व आरओ को दी गई विदाई, नवपदस्थापित सीओ का हुआ स्वागत

## प्रखंड मुख्यालय के सभागार में समारोह का हुआ आयोजन





चाणक्य भूमि | घोड़ासहन

प्रखंड मुख्यालय के सभागार में सोमवार को अंचल कर्मियों द्वारा आयोजित समारोह में स्थानांतरित सीओ शिवशंकर गुप्ता व राजस्व अधिकारी उषा कुमारी को विदाई दी गई। साथ ही नवपदस्थापित सीओ आनंद कुमार का स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित अंचल कर्मी, बीपीआरओ व समाजसेवियों द्वारा स्थानांतरित दोनों अधिकारियों को फूलमाला पहनाकर व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं नवपदस्थापित सीओ को फूलमाला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया गया। कर्मियों ने स्थानांतरित दोनों अधिकारियों के कार्यों की सराहना की। बीपीआरओ मनीष कुमार ने कहा कि हर विदाई का क्षण दुखदायी होता है। आज पूर्व सीओ शिवशंकर गुप्ता व राजस्व अधिकारी उषा कुमारी को विदा करने से सभी लोग दुखी है। लेकिन, स्थानांतरण तो हम सभी का होना है। उन्होंने उक्त दोनों अधिकारियों के द्वारा किये गए कार्यो की सराहना की। नवपदस्थापित सीओ आनन्द कुमार ने कहा कि निवर्तमान सीओ व आरओ द्वारा सेवाकाल में किये गए कार्यो को आम जनता के विश्वास पर आगे बढ़ाने का काम करूंगा। वहीं स्थानांतरित सीओ शिवशंकर गुप्ता व राजस्व अधिकारी उषा कुमारी ने अंचल कर्मियों के काम के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। कहा कि सेवा के दौरान प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, अंचल कर्मियों, पुलिस पदाधिकारियों सहित क्षेत्रीय लोगों का भरपूर सहयोग मिला। दोनो पदाधिकारियों ने कहा कि अगर निष्ठा एवं समर्पण हो तो सभी कार्य सहज हो जाता है। दोनों ने कहा कि पदाधिकारी, कर्मी व आमलोगों का कार्य और दायित्व निर्वहन में मिला सहयोग कभी भुलाया नहीं जा सकता हैं। मौके पर राजस्व अधिकारी सकलदेव कुमार, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रंजीत अग्रवाल, महासचिव संतोष जयसवाल, व्यवसायी उमेश जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि अशोक कुशवाहा सहित अंचल कर्मी मौजूद थे।

# लौरिया बीआरसी के सामने सक्षमता परीक्षा के आदेश प्रति जलाया

## सरकार व अपर मुख्य सचिव के विरोध में गगनभेदी नारे लगाए।




चाणक्य भूमि | बेतिया

लौरिया शिक्षक एकता मंच लौरिया के तत्वधान में संतोष कुमार यादव के नेतृत्व मे सक्षमता परीक्षा के विरोध में नियोजित शिक्षकों द्वारा बीआरसी के समक्ष परीक्षा के पत्र की प्रति जला कर परीक्षा का विरोध किया गया एंव परीक्षा वहिष्कार का निर्णय शिक्षकों द्वारा लिया गया। शिक्षकों द्वारा सरकार पर गलत नियमों को लागू करा कर शिक्षकों की छटनी करना चाहती है सरकार की शिक्षक विरोधी नीति की निंदा की गई शिक्षक नेता संतोष कुमार यादव ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के इस नीति के विरुद्ध में 10 फरवरी को जिला में मशाल जुलूस के आहूत कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आह्वान किया साथ ही अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए शीत कालीन सत्र के दौरान 13 फरवरी को विधान सभा के घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पटना चलने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में जितेंद्र यादव चंचल अविनाश राजीव रंजन शास्त्री अरविंद कुमार महाफुज अली श्याम कुमार नवीन कुमार विजय प्रसाद इनामुल हक सुमित कुमार सैयद सब्बर अली मुन्नीलाल यादव अमरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया।

# निवर्तमान पुलिस निरीक्षक को दी गई विदाई,नए पुलिस निरीक्षक ने संभाला कमान



चाणक्य भूमि | बेतिया

मैनाटांड पुलिस अंचल कार्यालय में रविवार को समान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें निवर्तमान पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार को फूल माला अंग वस्त्र देकर विदाई की गई। वहीं पुलिस अंचल कार्यालय में नए पुलिस निरीक्षक सरफराज अहमद ने अपना योगदान देते हुए कार्यभार संभाला। इधर नए पुलिस निरिक्षक ने पुलिस अंचल कार्यालय में पंजियो का अवलोकन कर पात्र परिचय की। वही कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार के डीएसपी पद पर प्रोन्नति होने को लेकर लोगों ने हार्दिक शुभकामनाए देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की।

# भाजपा महिला मोर्चा ने आयोजित किया शक्ति वंदन कार्यशाला

चाणक्य भूमि | छपरा

सारण जिला के माँझी में भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा माँझी विधानसभा शक्ति वंदन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला मोर्चा के इस उर्जावान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के प्रभारी धर्मेन्द्र साह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक एक महिलाओं के विकास के लिए दर्जनों मजबूत योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, हर घर नल, राशन, आयुष्मान जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं घरेलू और ग्रामीण महिलाओं को बहुत ज्यादा बल दिया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने दो से तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है। स्वरोजगार के लिए महिलाओं को मुद्रा योजना से तीस करोड़ से अधिक राशि दिए गए हैं। खेती से जुड़े हुए हमारी माता बहनों को ड्रोन दीदी बनाकर उन्हें जीवन में विकास का नया आयाम दिया जा रहा है। आज प्रधानमंत्री द्वारा देश की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए रक्षा बजट पर 6.2 लाख करोड़ रुपए खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 11.11 लाख करोड़ का भारी भरकम बजट तय किया गया है। सबसे बड़ा उपहार तो हम महिलाओं को प्रधानमंत्री मोदी यह दिया की लोकसभा राज्यसभा जैसे उच्च सदनों के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का सीट तय कर दिया गया, जिससे आने वाले समय में हम महिलाओं के हाथ में देश के कानून और योजनाओं के निर्माण एवं बदलाव की शक्ति आ जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी धर्मेन्द्र साह, महिला मोर्चा ज़िला अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक पूजा शर्मा, महिला मोर्चा जिला महामंत्री निभा कुमारी ( विधानासभा प्रभारी), मांझी विधासभा विस्तारक मिथिलेश सिंह, मनोज पांडेय, कुंदन कुमार सोनी, रवि भूषण मिश्रा, अमरजीत सिंह, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मुस्कान सिंह, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष् नेहा वत्स, शारदा देवी, सुनीता सिंह, महिला मोर्चा ज़िला मंत्री अल्पना सोनी, मांझी विधानसभा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सबाना खातून, रेणु देवी एवम् दर्जनों ग्रामीण महिलाऐं उपस्थिति रही। कार्यक्रम कि संचालन का विधानसभा संयोजक महिला मोर्चा ज़िला महामंत्री निभा कुमारी ने किया।

# भूमि निबंधन एक्ट 47 बना जिला निबंधन कार्यालय बेतिया के पदाधिकारी व कर्मियों के कमाई का जरिया

## भाकपा माले नेता सुनील राव ने की उच्चस्तरीय जांच कर कार्रवाई की मांग

चाणक्य भूमि | बेतिया

(संसू)विभाग द्वारा बहाल किये गये लाईसेंस प्राप्त दस्तावेज लेखकों से हीं अपना दस्तावेज तैयार करावें । किसी बिचौलिया के बहकावे में नहीं आवें। उक स्लोगन जिला मुख्यालय बेतिया के अंतर्गत स्थित जिला निबंधन कार्यालय पश्चिम चंपारण बेतिया के मुख्य भवन के प्रवेश द्वार के ठीक सामने लगे बोर्ड




पर अंकित है। जिसमें यह अंकित किया गया है कि रजिस्ट्री अधिनियम 1908 के बिहार दस्तावेज लेखक अनुज्ञप्ति नियमावली 1996 के अंतर्गत जिला अवर निबंधन कार्यालय बेतिया पश्चिम चम्पारण में कार्यरत अनुज्ञप्तिधारी दस्तावेज लेखकों तथा शिशिक्षुओं की सूचि। उक्त सूचित की मानें तो 36 अनुज्ञप्तिधारी दस्तावेज लेखक तथा 19 शिशिक्षु दस्तावेज लेखक बेतिया में कार्यरत हैं। जबकि जमीनी हकीकत क्या है इसे बतानें की आवश्यकता नहीं है । आखिर वे कौन लोग हैं जो बेतिया मोखतार खाना से लेकर निबंधन कार्यालय बेतिया के चप्पे-चप्पे तर हाथ में जमीन लिखने व लिखाने वाले लोगों का आवश्यक कागजात लेकर पूरे दिन दौड़ते रहते हैं।जबकि उक्त कार्यालय सीसीटीवी कैमरे से लैस है। क्या कभी शासन प्रशासन के लोगों द्वारा कैमरे में कैद कार्यालय के गतिविधियों की जांच करनें की कोशिश गयी। यदि हां तो कारवाई क्या हुई यदि नहीं तो इसके पीछे क्या कारण हैं। वहीं इस संबंध में जिला निबंधन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। जबकि बिहार दस्तावेज नवीस संघ बेतिया के सचिव संजय श्रीवास्तव का कहना है कि प्रतिदिन अवैध कमाई करनेवाले रजिस्टार महोदय साधु बनते हैं। इनके कार्यालय कक्ष की गतिविधियों की सीसीटीवी कैमरे में कैद फुटेज से गहन जांच करायी जाय तो उनका असली चेहरा सामने आ जायेगा। रहीं दस्तावेज लेखकों के नाम छूटने की बात तो जिनका नाम भूलवश बोर्ड पर अंकित होने में छूट गया है। उनका नाम शीघ्र जोड़ने का हर संभव प्रयास किया जाएगा इस बीच सूत्रों का यह भी कहना है कि निबंधन एक्ट 47 के तहत जमीन के वास्तविक किस्म का भौतिक सत्यापन करके भूमि का निबंधन करना है। लेकिन इसके भौतिक सत्यापन करनेवाले कर्मी कथित रुप से कमाई का जरिया बना लिये हैं। जहाँ मकान है वहां खाली जमीन तथा जहां खाली जमीन है वहॉ मकान रहने का प्रतिवेदन रजिस्टार को सौपते हैं। हां कभी-कभार जब रजिस्टार को शक हो जाता है तो जमीन खरीदने तथा बेचने वाले लोगों को नोटिस दी जाती है। कुछ से जुर्मानें की राशि विभागीय स्तर पर वसूल की जाती है। शेष लिपा- पोती कर दी जाती है। इस बीच भाकपा माले नेता सुनील राव नें बेतिया निबंधन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार के कार्य-काल में हुए तमाम निबंधित भूमि में निबंधन क्रर्मियों द्वारा दिये गये फोटो सहित जांच प्रतिवेदन और जमीन के वास्तविक किस्म की जांच करते हुए दोषी लोगों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# अवैध तरीके से नदी से स्टोन बोल्डर भेजने मामले की एनजीटी में सुनवाई

चाणक्य भूमि | साहिबगंज






साहिबगंज जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा गंगा नदी को प्रदुषण से बचाने,जलीय जीव-जंतु,डॉल्फिन के संरक्षण व संवर्धन हेतु एनजीटी ईस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या-162 /2023 की सुनवाई आज पीठ के जुडिशियल मेंबर न्यायमूर्ति बी. अमित स्टालेकर व एक्सपर्ट मेंबर डॉ अरुण कुमार वर्मा करेगी। सुनवाई में भाग लेने याचिकाकर्ता अरशद नसर कोलकाता पहुँच गए हैं। अरशद ने एनजीटी में याचिका दायर करते हुए गुहार लगाया है की मेसर्स माँ तारा कंस्ट्रक्शन कंपनी मुजफ्फरपुर व मेसर्स जी.के इंटरप्राइजेज मालदा द्वारा सरकारी पदाधिकारियों के साथ तालमेल कर नियम कानून का खुला उलंधन कर झारखण्ड राज्य के एकमात्र साहिबगंज जिला से गुजरने वाली गंगा नदी से स्टोन बोल्डर बिहार के कटिहार जिले में बहुत ही बड़े पैमाने पर भेजा गया है जिससे गंगा नदी प्रदुषित हुआ है व जलीय जीव-जंतु संरक्षित डॉल्फिन को भारी नुकसान पहुंचा है । जिसको लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग अरशद ने एनजीटी से की है।इस मामले में नमामि गंगा क्लीन मिशन भारत सरकार के डायरेक्टर,राज्य के खान सचिव,खान निदेशक,जिले के उपायुक्त,डीटीओ व कटिहार जिले के बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता व स्टोन बोल्डर सप्लायर को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश एनजीटी ने दिया है साथ ही जिले के डीसी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय गठित कमिटी जिसमें केंद्रीय प्रदुषण बोर्ड दिल्ली व झारखंड राज्य प्रदुषण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक रहेंगे को स्थलीय जांच कर रिपोर्ट एनजीटी में सौंपनी है। आज की सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई है।

# महापौर गरिमा देवी क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्राइमरी स्कूल हरदिया पहुंचीं

चाणक्य भूमि | बेतिया



**उन्होने छात्र छात्राओं को पढ़ाया जीवन में सफल होने का पाठ-बच्चों से कहा स्कूल में जो भी अच्छा सीखते हैं उसको वास्तविक और व्यवहारिक जीवन में उतारना सीखें साथ ही उन्होंने कहा कि अपने गुरुजन,माता पिता और समाज के बड़ों आदर करने की सोच को बताया सफलता की सीढ़ी**

अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नगर निगम की महापौर वार्ड 39 के प्राइमरी स्कूल हरदिया पहुंचीं। जहाँ स्कूल के कक्षा दो और चार के छात्र छात्राओं से उनके शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूदगी में देर तक संवाद किया। महापौर श्रीमती सिकारिया ने छात्र छात्राओं से कहा कि अपने स्कूल में सीखी गई अच्छी बात और जानकारी को अपने व्यवहारिक जीवन में उतारना सीखें। उन्होंने कहा कि आप सभी अपनी पाठ्य पुस्तकों के चेप्टर रूप में छपे दूसरे का अनुभव पढ़ते हैं। अगर हमें अपने वास्तविक जीवन में सफलता की ऊंचाई चढ़ना है तो इसके साथ स्कूल में सीखी गई हर एक अच्छी बात को अपने व्यवहारिक जीवन में उतारना होगा। इसके साथ ही महापौर ने पाठ्य पुस्तक से संबंधित गणित और हिन्दी के अनेक सवाल किए। इसके साथ ही श्रीमती सिकारिया ने बताया कि अपने गुरुजन, माता पिता और समाज के बड़े बुजुर्ग का आदर करने की सोच आप सबके लिए बहुत उपयोगी होगी। क्योंकि मनुष्य की उत्तम सोच ही उसके सफल जीवन की सबसे मजबूत सीढ़ी होती है। इस मौके पर पार्षद मुनमुन देवी, श्री ओम प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# संगठन के विस्तार में जुटा राजद




चाणक्य भूमि | बेतिया(कनकलता)

युवा राजद के जिला अध्यक्ष संजय यादव ने रजनीश यादव को राजद का जिला महासचिव मनोनीत किया है। इस आशय का एक मनोनयन पत्र दिया गया है।रजनीश यादव के मनोनयन पर राजद कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। बधाई देने वालों में राजद के प्रखंड अध्यक्ष जयलाल यादव, चंदन यादव ,मंतोष यादव कुंदन यादव, संजय यादव, रामबाबू यादव आदि के नाम उल्लेखनीय है।मझौलिया प्रखण्ड अध्यक्ष जयलाल यादव ने इस मनोनयन को सही दिशा में सही कदम बताया है।

# नरकटियागंज प्रखंड के पंचायत राज शेरहवा की मुखिया और उप मुखिया के खिलाफ वार्ड सदस्यों ने खोला मोर्चा

चाणक्य भूमि | बेतिया



वार्ड सदस्यों ने इनके खिलाफ बोलते हुये कहा कि इन लोगों ने फर्जी हस्ताक्षर के जरिए आम सभा दिखाकर विभिन्न योजनाओं की राशि का उठाव कर रहे है इन लोगों के खिलाफ उठाव,रंगदारी और दबंगता जैसे गंभीर आरोप वार्ड सदस्यों ने लगाये है। इस संबंध में सभी सदस्यों ने लिखित शिकायत स्थानीय बीडीओ को देने के साथ-साथ डीएम , डीडीसी व अन्य वरीय पदाधिकारियो से भी शिकायत की है। इस संबंध मे कन्हैया मुसहर ,छोटेलाल प्रसाद ,बाबूलाल सहीत कई वार्ड सदस्यों ने आरोप लगाते हुये कहा की संबंधित पंचायत भवन परिसर में कभी भी आमसभा नहीं होती है। जल नल योजना की राशि का उठाव कर कार्य नहीं कराया गया। वार्ड सदस्यों ने जांच कराने का मांग करते हुए संबंधित मुखिया पंचायत सचिव पर कार्रवाई करने के साथ उप मुखिया पर अविश्वास भी लगाया हैं । साथ ही उनलोगो ने यह भी कहा की मुखिया जी पूछने पर कहते है की ज्यादा पूछताछ करोगे तो हरिजन एक्ट सहीत अन्य मामलो मे फसाने की धमकी देते है ।










# एक बार फिर मिड डे मील खाने से बच्चे बीमार






**चम्पारण के बगहा एक प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बास गांव परसौनी मे मिड डे मील खाने से 23 बच्चे हुये बीमार, प्राथमिक इलाज के बाद रामनगर पीएचसी में भर्ती, विषाक्त भोजन खिलाने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप**

चाणक्य भूमि | बेतिया

आज मध्य विद्यालय बास गांव परसौनी मे आज मिड डे मिल खाने से दर्जनो बच्चे हुये बिमार । आनन फानन मे कुछ बच्चो को रामनगर तो कुछ को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल ईलाज के लिये भेजा गया । वही घटना के बाद हरकत में आए शिक्षा विभाग के अधिकारी। बताया जाता है कि स्कूल में बच्चों को जो मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया गया था वह विषाक्त हो चुका था। पूरा मामला राजकीय मध्य विद्यालय बास गांव परसौनी का बताया गया है। बीमार बच्चों में दो बच्चों की स्थिति नाजुक बनी हुई है जिसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी स्कूल में एनजीओ की ओर से खाना उपलब्ध कराया गया था। खाना खाने के बाद बच्चे बीमार होने लगे। सूचना के बाद शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी मामले की जांच में जुट गए हैं।

# साल की पहली लोक अदालत 9 मार्च को




**आगामी दिनांक 9 मार्च को इस वर्ष के प्रथम नेशनल लोक अदालत की सफलता को लेकर जिला जज सह प्राधिकार के अध्यक्ष त्रिलोकी दुबे ने आज विधिक सेवा सदन के मीटिंग हॉल में विभिन्न विभाग के पदाधिकारी सभी बैंक के वरीय पदाधिकारी एवं शाखा प्रबंधक तथा इंश्योरेंस के शाखा प्रबंधक के साथ बैठक की**

चाणक्य भूमि | बेतिया

इस बैठक मे जिला जज श्री दुबे ने कहा कि इस वर्ष के प्रथम नेशनल लोक अदालत हेतु आप लोग अधिक से अधिक पक्षकारों को जागरूक करें तथा उनके साथ प्री सीटिंग करके वादों के निष्पादन पर विशेष बल देने की बात कही। वहीं जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह जल्द से जल्द सभी जगह पर नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु बैनर तथा होर्डिंग लगावें। इस अवसर पर प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज जिला सूचना एवं संपर्क पदाधिकारी जिला खनन पदाधिकारी श्रम अधीक्षक माप तौल पदाधिकारी सभी बैंक के अधिकारी एवं सभी इंश्योरेंस के अधिकारी मौजूद रहे।




# घर मे युवती का फंदे से लटका शव मिला

चाणक्य भूमि| बेतिया

जिले के नौतन के हाई स्कूल चौक के पास 14 वर्षीय युवती का शव घर मे फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मृतक शहजान खातून पाँच भाई बहनो में सबसे बड़ी है। उसके पिता बाहर कमाते है घटना के वक़्त मृतक घर मे अकेली थी । हालाँकि मृतक के चेहरे पर चोट के निशान थे जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि उसके साथ मारपीट की गई हो। सच्चाई का पता तो पुलिस जाँच के बाद ही चलेगा।

# विवाह का प्रलोभन देकर लड़की से किया दुष्कर्म

चाणक्य भूमि (कनकलता) बेतिया

**गर्भवती होने पर प्रेमी ने "आशा" के सहयोग से करायी गर्भपात में नवजात बच्चों की मौत इंस्पेक्टर ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण में भेजा साथ ही पीड़िता के बयान पर पड़ोसी प्रेमी युवक समेत पांच पर केस**

सेनुअरिया पंचायत के वार्ड एक में एक बिन ब्याही लड़की को उसके प्रेमी ने हबस का शिकार बनाया।इतना ही नही जब वह गर्भवती हो गयी तब जबरन गर्भ गिराने पर विवश कर दिया।अंततः एक आशा कर्मी की मदद से गर्भपात करा दिया।गर्भपात के दौरान नवजात जुड़वा बेटो की मौत हो गयी।मृत दोनो नवजात को लेकर पीड़ित लड़की थाने पहुंची और नवागत इंस्पेक्टर से अपना दुखड़ा सुनायी।अंततः पीड़िता के आवेदन पर इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने एफआईआर किया।एफआईआर में पड़ोसी प्रेमी बुलेट कुमार समेत सतन यादव,जुझानती देवी,मनोज पटेल और रूमा देवी को आरोपित किया गया है।एसएचओ श्री मिश्र ने बताया कि दोनों नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिये जीएमसीएच बेतिया भेजा गया।उन्होंने बताया कि नामजदों को गिरफ्तार किया जायेगा।पूरे मामले को इंस्पेक्टर ने गंभीरता से लिया है।मामले को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है।आरोपी फरार हो गये है।





# एसपी अमरकेश डी ने विशेष लोक अभियोजक को किया सम्मानित

चाणक्य भूमि | बेतिया

पॉक्सो एक्ट के मामलों में न्यायालय के समक्ष समय-समय पर गवाही एवं पूरी तत्परता के साथ त्वरित विचारण के तहत सजा दिलाने में पश्चिमी चंपारण अव्वल रहा है। इसके लिए विशेष लोक अभियोजक वेद प्रकाश द्विवेदी को बेतिया एसपी अमरकेश डी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मामलों की सुनवाई हेतु गठित दो विशेष न्यायालयों के द्वारा वर्ष 2023 में कुल 46 मामलों में अभियुक्तों को सजा सुनाई गई है। विशेष न्यायाधीश विवेकानंद प्रसाद ने 24 मामलों में तथा विशेष न्यायाधीश जावेद आलम ने 22 मामलों में अभियुक्तों को सजा सुनाई है। साथ ही विशेष लोक अभियोजक जयशंकर तिवारी को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714